हरियाणा में हिसार, कर्नाटक में रायचूर, केरल में कायलस, पंजाब में लाढोवाल, राजस्थान में सूरतगढ़ और जैटसर, तमिलनाडु में वेगई, उत्तर प्रदेश में बहराईच एवं बरेली नामक स्थानों पर स्थित फार्मों पर केन्द्र संचित के दस फलोद्यानों की स्थापना की है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते।

राज्यों में उद्यान बोर्डों (हॉर्टीकल्चर बोर्ड) की स्थापना

537. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार सभी राज्यों में उद्यान बोर्डों की स्थापना करने का विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

विकलांग व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक प्रौद्योगिकी मिशन की स्थापना किया जाना

538. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने विकलांगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं उनकी सहायता करने के लिए एक प्रौद्योगिकी मिशन की स्थापना करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और प्रौद्योगिकी मिशन कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; और

(ग) उक्त मिशन से विकलांग व्यक्ति किस प्रकार लाभान्वित होंगे ?

कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुमति ओरांव) : (क) से (ग) सरकार ने विकलांगों के पुनर्वास तथा पुनर्वास के लिए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग पर मिशन मोड में एक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजना की पहले ही स्थापना की है जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

उपयुक्त तथा लागत प्रभावी सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का विकास और उपयोगिता में प्रौद्योगिकी का समन्वय, वित्त पोषण तथा सीधा अनुप्रयोग करना :

(क) रोजगार
(ख) सरल जीवन तथा सचलता
(ग) संचार
(घ) मनोरंजन तथा
(ङ) समाज में एकीकरण

के लिए अवसरों में संवृद्धि करने हेतु कौशल विकास और शिक्षा पद्धति। इस परियोजना के अन्तर्गत उचित अनुसंधान प्रस्तावों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और विकलांगों को प्रयोगशाला से प्रौद्योगिकी का लाभ देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस परियोजना से विभिन्न सहायक यंत्रों एवं उपकरणों हार्ड वेयर एवं सॉफ्ट वेयर का विकास होगा जिससे विकलांग व्यक्तियों को पुनर्वास प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी।

Allotment of land to NRI for launching Newspaper in Chandigarh

539. SHRI CHITTA BASU: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Punjab Government had decided to allot land to NRI for launching a newspaper in English and Punjabi in Chandigarh; and

(b) if so, the conditions attached?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a)